PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2022-23

HINDI

Time – 3 hrs. Class – IX (Set-A) M.M. – 80

Name of the student _______________________________________ Section ____ Date - 11.02.2023 (Saturday)

निर्देश -
- इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और खंड– 'ख'| खंड-क में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड-ख में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं |
- प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य है |
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |
- खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए केवल 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं | निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

खंड-'क'

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए | (1x=5)

'घर' जैसा छोटा-सा शब्द भावात्मक दृष्टि से बहुत विशाल होता है। इस आधार पर मकान, भवन, फ्लैट, कमरा,कोठी, बंगला, आदि इसके समानार्थी बिल्कुल भी नहीं लगते हैं, क्योंकि इनका सामान्य संबंध दीवारों छतों और बाहरी व आंतरिक साज-सज्जा तक सीमित होता है, जबकि घर प्यार-भरोसे और रिश्तों की मिठास से बनता है। एक आदर्श घर वही है, जिसमें प्रेम व भरोसे की दीवारें, आपसी तालमेल की छतें , रिश्तों की मधुरता के खिले- खिले रंग, स्नेह, सम्मान व संवेदनाओं की सज्जा हो । घर में भावात्मकता है, वह भावात्मकता, जो संबंधों को महकाकर परिवार को जोड़े रखती है। यह बात हमें अच्छी तरह याद रखना चाहिए कि जब रिश्ते महकते हैं, तो घर महकता है, प्यार अठखेलियाँ करता है तो घर अठखेलियाँ करता है| रिश्तों का उल्लास घर का उल्लास होता है, इसलिए रिश्ते हैं तो घर है और रिश्तों के बीच बहता प्रेम घर की नींव है। यह नींव जितनी मजबूत होगी, घर उतना ही मजबूत होगा । न जाने क्यों आज का मनुष्य संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है, उसके मन की कोमलता, कठोरता में बदल रही है; दिन-रात कार्य में व्यस्त रहने और धनोपार्जन की अति तीव्र लालसा से उसके अंदर मशीनियत बढ़ रही है, इसलिए उसके लिए घर के मायने बदल रहे हैं ;उसकी अहमियत बदल रही है ,इसी कारण परिवार में आपसी कलह, द्वंद्व आदि बढ़ रहे हैं। आज की पीढ़ी प्राइवेसी (वैयक्तिकता)के नाम पर एकाकीपन में सुख खोज रही है। उसकी सोच 'मेरा कमरा, मेरी दुनिया' तक सिमट गई है ।एक छत के नीचे रहते हुए भी हम एकाकी होते जा रहे हैं । काश! सब घर की अहमियत समझते और अपना अहं हटाकर घर को घर बनाए रखने का प्रयास करते ।

i. भावात्मक दृष्टि से घर जैसे छोटे - से शब्द की 'विशालता' में निहित हैं -

(i) प्रेम, विश्वास नातों का माधुर्य व संवेदनाएँ
(ii) आकर्षक बनावट, सुंदर लोग ,वैभव व संपन्नता
(iii) सुंदर रंग संयोजन, आंतरिक सजावट एवं हरियाली
(iv) स्नेह, सम्मान, सरसता, संवेदनाएँ, संपन्नता व साज सज्जा

विकल्प

क) कथन एक सही है। ख) कथन 1 व 2 सही है
ग) कथन दो व तीन सही है घ) कथन तीन व चार सही है

ii. सामान्य रूप में मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी आदि शब्दों का संबंध किससे होता है ?

क) हृदय की भावनाओं से ख) वैभव और समृद्धि से
ग) स्थानीय सुविधाओं से घ) बनावट व सजावट से

iii. आज की पीढ़ी को सुख किस में दिखाई दे रहा है ?

क) निजी जीवन व एकांतिकता में ख) पारिवारिक भावात्मक संबंधों में

ग) बिना मेहनत सब कुछ मिल जाने में घ) धन कमाने के लिए जी तोड़ मेहनत करने में

iv. गद्यांश में प्रेम को घर का क्या बताया गया है?

क) आभूषण ख) आधार ग) भरोसा घ) उल्लास

v. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A)- आदमी के अंदर संवेदनाओं की जगह मशीनियत बढ़ती जा रही है।

कथन (R)- व्यस्तता और अर्थोपार्जन की अति महत्वाकांक्षा ने उसे यहाँ तक पहुँचा दिया है।

(क) कथन A गलत है, किन्तु कारण R सही है

(ख) कथन A तथा कारण R दोनों गलत है

(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है

(घ) कथन A सही है,किन्तु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं करता है

प्र. 2 निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए | (1x=5)

पुरानी होने पर
सभी चीजें बदल दी जाती हैं
दरवाजों पर लटके पर्दे
शरीर पर पहने कपड़े
ड्राइंग रूम में रखा फर्नीचर-
कहने का मतलब है
क्यों छोड़ नहीं पाता वह
अपने अंदर की
सड़ी - गली वासनाएँ ?
क्यों फेंक नहीं देता वह
उस जानवर को
जो युगों से बैठा है उसके अंदर ?
मनुष्य हर पुरानी चीज़
बदल देता है ।
नवीनता मनुष्य को प्रिय है ।
परंतु मैं समझ नहीं पाता
हर पुरानी चीज़ से
नफ़रत करने वाला आदमी
क्यों नफ़रत नहीं करता-
पुराने सड़े- गले विचारों से ?
नफ़रत के जहर को त्यागकर
क्यों नहीं वह चख लेता
प्यार का थोड़ा- सा अमृत।

i. इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-

(i) निराश दृष्टिकोण को त्याग कर आशावादिता की अनुभूति

(ii) घृणा का परित्याग कर एवं प्रेम भाव की स्वीकृति

(iii) अकर्मण्यता से मुक्ति और नवीन ऊर्जा की प्राप्ति

(iv) मानवता के प्रतीकों का सम्मान

विकल्प

(क) केवल (ii) सही है (ख) (i) और (iii) सही हैं

(ग) कथन (i),(iii) व (iv) सही हैं (घ) कथन (i),(ii),(iii) व (iv) सही हैं

ii. पुरानी होने पर सभी चीजें बदल दी जाती हैं , क्योंकि-

(क) मनुष्य का उनसे मन भर जाता है (ख) वह उसके आकर्षण का केंद्र नहीं रहती

(ग) नवीनता मनुष्य को प्रिय होती है (घ) नई वस्तु अधिक सुखद होती है

iii. कवि किससे नफ़रत करने के लिए कह रहा है ?

(क) अनुपयोगी रीति-रिवाजों से (ख) समाज में प्रचलित अंधविश्वासों से

(ग) पुराने सड़े -गले विचारों से (घ) पुरानेपन से

iv. घृणा का विष दूर हो सकता है-

(क) सामाजिक एकता से (ख) भेदभाव भुलाने से (ग) प्यार के अमृत से (घ) सड़े - गले विचार त्यागने से

v. युवावस्था हमें सिखाती है कि- कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

(i) पुराने पर्दे, कपड़े, फर्नीचर आदि बदल देने चाहिए।

(ii) जानवरों को अपने निकट नहीं आने देना चाहिए।

(iii) मनुष्य को नफ़रत का जहर त्याग देना चाहिए।

(iv) मनुष्य को अप्रासंगिक एवं पुराने हो चुके विचारों को त्याग देना चाहिए ।

विकल्प

(क) कथन (i) व (ii) सही है (ख) कथन (i) और (iv) सही हैं

(ग) कथन (ii) व (iii) सही हैं (घ) कथन(iii)व (iv) सही हैं

अथवा

संकटों से वीर घबराते नहीं
आपदाएँ देख छुप जाते नहीं
लग गए जिस काम में पूरा किया
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं
हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता
कर्मवीरों को ना इससे वास्ता
बढ़ चले तो अंत तक बढ़ते चले
कठिनतर गिरिश्रृंग पर चढ़ते चले ।
कठिन पथ को देख मुसकाते सदा
संकटों के बीच वे गाते सदा
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए
सरल संभव कर दिखाते वे सदा ।
'यह असंभव कायरों का शब्द है'
कहा था नेपोलियन ने एक दिन
सच बताऊँ जिंदगी ही व्यर्थ है
दर्प बिन, उत्साह बिन और शक्ति बिन ।

i. इस कविता के केंद्रीय भाव हेतु दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-

(i) कर्मवीर काम करके पश्चाताप किया करते हैं|

(ii) कर्मवीर साहस के साथ काम पूरा करके ही छोड़ते हैं|

(iii) मार्ग में संकट देखकर कर्मवीर रास्ता बदल लिया करते हैं|

(iv) कर्म वीरों के रास्ते में आपदाएँ नहीं आती हैं|

विकल्प

(क) कथन (ii) सही है | (ख) (i) और (iii) सही हैं
(ग) कथन (i),(iii) व (iv) सही हैं | (घ) कथन (i),(ii),(iii)व (iv) सही हैं

ii. कठिन मार्ग देखकर कर्मवीर क्या करते हैं?

(क) मुस्कुराते हैं | (ख) गीत गाते हैं
(ग) कठिनाइयों को जीतने का उपाय सोचते हैं | (घ) दूसरा रास्ता चुन लेते हैं।

iii. किनके लिए कुछ भी असंभव नहीं होता ?

(क) कायरों के लिए (ख) कर्मवीरों के लिए (ग) रणवीरों के लिए (घ) शांतचित्त लोगों के लिए

iv. 'असंभव कायरों का शब्द है'- यह कथन किसका है?

(क) कवि का (ख) कर्म में लीन लोगों का (ग) नेपोलियन का (घ) साहसी लोगों का

v. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A)-कर्मवीरों के लिए कोई काम असंभव नहीं होता |

कथन (R)-कर्मवीर असंभव समझे जाने वाले कार्य को सरल और संभव कर दिखाते हैं |

(क) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है |

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है |

(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है|

(घ) कथन A सही है,किन्तु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं करता है|

प्र.3. निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद'पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(1x 4=4)**

i. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं ?

क) 3 ख) 5 ग) 7 घ) 8

ii 'यदि वर्षा होती तो फसल अच्छी होती' अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद है-

क) विधानवाचक ख) संकेतवाचक ग) संदेहवाचक घ) इच्छासूचक

iii. कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कॉलम 1	**कॉलम 2**
(1) प्रातः होते ही पक्षी कलरव करने लगे	संदेहवाचक वाक्य
(2) संभवतः इस साल यह पुल बन जाएगा	विधानवाचक वाक्य
(3) यदि खिलौने न टूटते तो बच्चा न रोता	संकेतवाचक वाक्य

विकल्प

क) 1-(iii),2-(i),3-(ii) ख) 1-(ii),2-(i),3-(iii) ग) 1-(ii),2-(iii),3-(i) घ) 1-(i),2-(ii),3-(iii)

iv. "जैसे भी हो, तुरंत अमृतसर पहुँचो |" अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद है-----

क) विधानावाचक ख) आज्ञावाचक ग) संकेतवाचक घ) संदेहवाचक

v.' टिहरी गाँव वहाँ से बहुत दूर नहीं था |' इसका विधानवाचक वाक्य होगा-

क) टिहरी गाँव वहाँ से बहुत दूर था | ख) शायद टिहरी गाँव वहाँ से बहुत दूर था
ग) संभवतः टिहरी गाँव वहाँ से दूर था घ) क्या टिहरी गाँव वहाँ से दूर था ?

प्र.4 निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित समस्त पद में कौन-सा समास है ? **(1 x 4 =4)**

i. आज मेरे <u>माता-पिता</u> आयेंगे |

क) द्वंद्व ख) अव्ययीभाव ग) कर्मधारय घ) द्विगु

ii मैं उस <u>वंशीधर</u> का भक्त हूँ |

क) अव्ययीभाव ख) कर्मधारय ग) द्विगु घ) बहुव्रीहि

iii. मैं आमरण अनशन पर बैठूँगा |

क) अव्ययीभाव ख) कर्मधारय ग) तत्पुरुष घ) द्विगु

निम्नलिखित समस्तपदों का सही विग्रह क्या है ?

iv. पीताम्बर

क) पीत और अम्बर ख) पीत अंबर वाला ग) पीत अम्बर में घ) पीत है जो अम्बर

v. दहीबड़ा

क) दही में बड़ा ख) दही और बड़ा ग) दही के लिए बड़ा घ) दही में डूबा हुआ बड़ा

प्र.5 निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4 =4)

निम्नलिखित शब्दों के सामने दिए गए मूल शब्द में जुड़े उपसर्ग के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए-

i. बाकायदा

(क) बाका+यदा (ख) बा+कायदा (ग) बाकाय+दा (घ) ब+कायदा

ii. आमरण

(क) आ+मरण (ख) आम+रण (ग) आमार+ण (घ) अ+मरण

निम्नलिखित शब्दों के सामने दिए गए मूल शब्द में जुड़े प्रत्यय के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए-

iii. अमानवीयता

(क) अ+मानव+ईयता (ख) अ+मानव+ईय+ता (ग) अ+मानवीय+ता (घ) अ+मानवीयता

iv. धार्मिक

(क) इक (ख) क (ग) अक (घ) इका

v. उड़ान

(क) उ+ड़ान (ख) उड़ा+न (ग) उड़+आन (घ) उड़ा +आन

प्र.6 निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

i. 'तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए|' इन काव्य-पंक्तियों में निहित अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) रूपक अलंकार

ii. 'काली घटा का घमंड घटा|' इन काव्य-पंक्तियों में निहित अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) रूपक अलंकार

iii. 'वह दीपशिखा-सी शांत भाव में लीन|' इन काव्य-पंक्तियों में निहित अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) रूपक अलंकार

iv. 'मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहों|' इन काव्य-पंक्तियों में निहित अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) रूपक अलंकार

v. 'पीपर पात सरिस मन डोला|' इन काव्य-पंक्तियों में निहित अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) रूपक अलंकार

प्र.7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए | (1 x 5=5)

वहाँ छात्रावास के हर एक कमरे में हम चार छात्राएँ रहती थीं| उनमें पहले ही साथिन सुभद्रा कुमारी मिलीं| सातवें दर्जे में वह मुझसे दो साल सीनियर थीं| वे कविता लिखती थीं और मैं भी बचपन से तुक मिलाती आई थी| बचपन में माँ लिखती थीं, पद भी गाती थीं| मीरा के पद विशेष रूप से गाती थीं| सवेरे 'जागिए कृपानिधान पंछी बन बोले' यही सुना जाता था| प्रभाती गाती थीं| शाम को मीरा का कोई पद गाती थीं| सुन-सुन कर मैंने भी ब्रजभाषा में लिखना आरंभ किया| उसी बीच आनंद भवन में बापू आए| हम लोग अपने जेब-खर्च में से हमेशा एक- एक दो-दो आने देश के लिए बचाते थे और जब बापू आते थे तो वह पैसा उन्हें दे देते थे|

उस दिन जब बापू के पास मैं गई तो अपना कटोरा भी लेती गई| मैंने निकालकर बापू को दिखाया| मैंने कहा,'कविता सुनाने पर मुझको यह कटोरा मिला है|' कहने लगे,'अच्छा, दिखा तो मुझको|, मैंने कटोरा उनकी और बढ़ा दिया तो उसे हाथ में लेकर बोले, 'तू देती है इसे?' अब मैं क्या कहती? मैंने दे दिया और लौट आई|दुख हुआ कि कटोरा लेकर कहते, कविता क्या है? पर कविता सुनाने को उन्होंने नहीं कहा|

i. छात्रावास के हर एक कमरे में कितनी छात्राएँ रहती थी?
(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

ii. सुभद्रा कुमारी लेखिका से कितने साल सीनियर थी?
(क) दो (ख) चार (ग) पाँच (घ) दस

iii. लेखिका को कविता क्या पुरस्कार मिला था?
(क) घड़ी (ख) मेडल (ग) सर्टिफिकेट (घ) चाँदी का एक कटोरा

iv. लेखिका का चाँदी का कटोरा किसने ले लिया?
(क) नेहरू जी ने (ख) मोदी जी ने (ग) इंदिरा गाँधी जी ने (घ) गाँधी जी ने

v. मीरा के पद और प्रभाती कौन गाती थीं ?
(क) महादेवी वर्मा (ख) सुभद्रा कुमारी चौहान (ग) महादेवी वर्मा की माँ (घ) गाँधी जी

प्र.8 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए

(1x2=2)

i. प्रेमचंद के जीवन की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या थी ?
(क) जीवन में समझौते न कर पाना (ख) अशिक्षित होना (ग) निर्धन होना (घ) इनमें से कोई नहीं

ii. सालिम अली बिना दूरबीन कब होते थे ?
क) घर में ख) बाग में ग) बगीचे में घ) एकांत क्षणों में

प्र.9 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पचुनकर लिखिए- (1x5=5)

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण के तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?

i. कविता में सड़क किससे ढँकी हुई है?
(क) धूल से (ख) मिट्टी से (ग) रेत कणों से (घ) कोहरे से

ii. सुबह-सुबह बच्चे कहाँ जा रहे हैं?
(क) मंदिर (ख) काम पर (ग) विद्यालय (घ) घर

iii. कवि 'राजेश जोशी' किसलिए दुखी हैं ?
(क) बच्चों का बचपन छिनने से (ख) बच्चों द्वारा शिक्षा पर ध्यान न देने से
(ग) बच्चों द्वारा शरारतें करने से (घ) बच्चों द्वारा लगातार खेलने से

iv. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं 'इस पंक्ति को किस प्रकार लिखा जाना चाहिए?
(क) विवरण की तरह
(ख) सवाल की तरह कि बच्चे काम पर क्यों जा रहे हैं ?
(ग) आवश्यकता की तरह कि सभी को काम करना चाहिए
(घ) इस तरह कि कर्म ही पूजा है

v. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता देश में विद्यमान किस गंभीर समस्या पर प्रकाश डालती है?
(क) श्रमिक वर्ग का शोषण (ख) निरक्षरता (ग) बाल मज़दूरी (घ) बेरोजगारी

प्र.10 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |

(1x2=2)

i. खेतों पर पड़ती सूर्य की किरणें किसके समान उज्ज्वल हैं ?

(क) हीरे के समान (ख) जल के समान

(ग) मोती के समान (घ) चाँदी की जाली के समान

ii. मेघों के आगे कौन नाचती-गाती हुई चल रही है?

(क) नर्तकी (ख) बिजली (ग) नदी (घ) हवा

खंड - 'ख'

प्र.11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | (2x3=6)

(क) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?

(ख) 'ल्हासा की ओर' यात्रा वृतांत के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था ?

(ग) आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है ?

(घ) 'प्रतिष्ठा के अनेक रूप होते हैं,चाहे वे हास्यास्पद ही क्यों न हों|'आशय स्पष्ट कीजिए |

प्र.12 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | (2x3=6)

(क) कवि का ब्रज के बाग,वन और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण हैं ?

(ख) कवि 'माखनलाल चतुर्वेदी' ने कोकिल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई है ?

(ग) 'ग्राम श्री' पाठ में गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला'क्यों कहा गया है ?

(घ) 'ग्राम श्री' पाठ में गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है ?

प्र.13 पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए | (4x2 =8)

(क) 'अच्छा है, कुछ भी नहीं | कलम थी, वह भी चोरी चली गई | अच्छा है, कुछ भी नहीं-मेरे पास |' - मूवी कैमरा, टेप रिकार्डर आदि की तीव्र उत्कंठा होते हुए भी लेखक ने अंत में उपर्युक्त कथन क्यों कहा ?

(ख) 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'इस दिशा में लेखिका (मृदुला गर्ग) के प्रयासों का उल्लेख कीजिए ?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का क्या उद्देश्य है ? लिखिए |

प्र.14 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए | (6)

(क) सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व

संकेत बिंदु- * तात्पर्य व विभिन्न प्रकार * युवाओं का आकर्षण * वर्तमान समय में प्रचलन व प्रभाव

(ख) पहला सुख-निरोगी काया

संकेत बिंदु- *आशय *व्यायाम और स्वास्थ्य *समाज को लाभ

(ग) सिकुड़ते वन बिगड़ता पर्यावरण

संकेत बिंदु- * भूमिका * वनों का महत्त्व * सिकुड़ते वन * पर्यावरण पर प्रभाव

प्र.15 आप नीरज शर्मा / नीरजा शर्मा हैं | आप क. ख. ग. नगर निवासी हैं | आपका छोटा भाई विद्यालय नियमित रूप से नहीं जाता और परीक्षा की तैयारी में लापरवाही कर रहा है | विद्यालय में नियमित उपस्थित रहने और परीक्षा की तैयारी भली-भाँति करते रहने की सलाह देते हुए छोटे भाई को **पत्र लिखिए|**

अथवा

आप प्रभाकर शर्मा / प्रभा शर्मा अ.ब.स. नगर के निवासी हैं | लाउडस्पीकरों की कान-फोड़ती आवाज़ से उत्पन्न परेशानी के बारे में जनसत्ता समाचार-पत्र के संपादक को 100 शब्दों में **पत्र** लिखिए, जिसमें इसे छापने का अनुरोध किया गया हो | **(5)**

प्र.16 "संगठन में शक्ति होती है" कहावत को आधार बनाकर मौलिक कथा लिखिए | **(5)**

अथवा

आप अ.ब.स. नगर निवासी संजय कुमार हैं | आपने खेल के कुछ सामान ऑनलाइन मँगवाए थे | आपने देखा कि उनमें से कुछ सामान की गुणवत्ता अच्छी नहीं है | इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में **ई-मेल लिखिए** |

प्र.17 मोबाईल फ़ोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है|इस विषय पर दो महिलाओं में हो रहे परस्पर संवाद को लिखिए | **(4)**

अथवा

आपके विद्यालय में 'विज्ञान मेला' का आयोजन किया जा रहा है | आप आयोजक/संयोजक के रूप में लगभग 80 शब्दों में **सूचना** लिखिए |